प्रेस नोट दिनाँक-26.09.2020

(1). आज दिनाँक-26.09.2020 को श्री शेषमणि पाण्डेय जिलाधिकारी चित्रकूट एवं श्री अंकित मित्तल पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की अध्यक्षता में थाना पहाड़ी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। भूमि-विवाद के मामलों में राजस्व टीम के साथ निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये।

समाधान दिवस में श्री अमित आसेरी मुख्यविकासाधिकारी चित्रकूट, श्री श्रवण कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी, श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी पीआरओ0 एवं राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(2). आज दिनाँक-26.09.2020 को श्री प्रकाश स्वरूप पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में थाना रैपुरा में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये

समाधान दिवस में श्री सुशीलचन्द्र शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा, नायब तहसीलदार, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में कोविड-19 से बचाव हेतु चलाये जा रहे जागरुकता एवं चेकिंग अभियान में दिनाँक 25.09.2020 को जनपद चित्रकूट के समस्त थाना क्षेत्रों में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदेश-निर्देशों के उल्लंघन एवं मास्क न लगाने पर थाना राजापुर में 25 व्यक्तियों के विरुद्ध, थाना कोतवाली कर्वी में 25 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 188/269 भादवि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर किये गये। जनपदवासियों से अपील की जाती है कि कोरोना वायरस के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदेश-निर्देशों का पालन करें।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्री श्रवण कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री पुष्पराज सिंह तथा उनके हमराही द्वारा ग्राम मकरी पहरा से अभियुक्त राजेन्द्र निषाद पुत्र देवराज निवासी मकरी पहरा थाना पहाड़ी चित्रकूट को 13 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

13 लीटर कच्ची शराब

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री पुष्पराज सिंह थाना पहाड़ी
2. आरक्षी मिथलेश पाल